मानवता परिवार

"आपका सहयोग, परिवार का सहारा

पत्रांक -MP/DO-41/2026. दिनांक- 16/05/2026

इनवेलिड/अवैधानिक सदस्य सहायता पत्र

श्रीमती प्रीति देवी जी

आपके पति स्वर्गीय श्री धर्मेंद्र कुमार वर्मा जी के निधन की सूचना प्राप्त हुई। इस दुःखद समाचार से मानवता परिवार एवं समस्त टीम अत्यंत दुःखी है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं आपको इस कठिन समय में संबल प्रदान करें। इस दुःख की घड़ी में संपूर्ण मानवता परिवार आपके साथ संवेदना व्यक्त करता है।

मानवता परिवार आईडी- MP004761, स्वर्गीय धर्मेंद्र कुमार वर्मा निवासी अमरपुर, तहसील बीघापुर, जनपद उन्नाव, उत्तर प्रदेश का रजिस्ट्रेशन मानवता परिवार में दिनांक 02/02/2026 को हुआ था। आवेदन एवं प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार उनका स्वर्गवास दिनांक 21/04/2026 को कैंसर (कार्सिनोमा) बीमारी के कारण हुआ।

मानवता परिवार के अभिलेखों के अनुसार सदस्यता अवधि मात्र 2 माह 21 दिन रही, जबकि मानवता परिवार की नियमावली भाग-F "नॉमिनी को सहयोग प्राप्त होने संबंधी नियम" के नियम-1 के अनुसार सदस्यता प्राप्ति के उपरांत 90 दिन का लॉक-इन पीरियड अनिवार्य है।

साथ ही नियम-6 के अनुसार कैंसर, किडनी फेलियर, लिवर सिरोसिस, ब्रेन हेमरेज, हार्ट अटैक, ब्रेन ट्यूमर, फेफड़े का ट्यूमर एवं हेपेटाइटिस जैसी गंभीर बीमारियों में सहयोग हेतु 1 वर्ष का लॉकिंग पीरियड पूर्ण होना आवश्यक है।

चूंकि स्वर्गीय धर्मेंद्र कुमार वर्मा जी की मृत्यु गंभीर बीमारी (कैंसर) के कारण हुई तथा निर्धारित 1 वर्ष का लॉकिंग पीरियड पूर्ण नहीं हुआ, इसलिए मानवता परिवार के पदाधिकारी संस्था की नियमावली से बंधे होने के कारण सहयोग राशि प्रदान करने में असमर्थ हैं।

मानवता परिवार दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करता है।

मानवता परिवार

विनोद चक्रवर्ती -प्रदेश प्रभारी

NGO Registered Under The Section-8 of The Company Act-2013 (Reg No.: U88100UP2024NPL208974)

Administrative Office
2/384, Vaibhav khand, Near Mantri Awas Gomti Nagar Lucknow, Uttar Pradesh - 226010

State Office
186, Tambeshwar Nagar, Jail Road, Near Agrasen Chauraha Fatehpur Uttar Pradesh-212601

Registered in
Startup India (DIPT184987)
NITI Ayog (UP/2024/0449234)
UDYAM Reg. (UDYAM-26-0021999)

Contact
6388890090
www.manavtafamily.org
manavtafamily@gmail.com